बरेली, मंगलवार
2 नवंबर, 2021

दैनिक जागरण inext

Page No : 05 TOP

मिशन एकेडमी को हराकर विद्या भवन ने जीती ट्रॉफी

एकतरफा मुकाबले में मिशन अकादमी को 10 विकेट से हराया

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 Nov): विद्या भवन की टीम ने एक बार फिर श्रीराम मूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट जीत कर खिताब अपने पास रखा. एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए फाइनल मैच में विद्या भवन ने मिशन अकादमी के दिए गए 87 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर 10 विकेट से जीत हासिल की.

2018 में भी जीता था मैच

विद्या भवन स्कूल के सिद्धार्थ पाल को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया. जबकि मिशन एकेडमी के असद नदफ को [illegible] ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया और मोहम्मद आरिश बेस्ट बॉलर बने. विद्या भवन के सिद्धार्थ गौतम को टूर्नामेंट का बेस्ट बैट्समैन चुना गया. मालूम हो कि वर्ष 2018 में भी विद्या भवन ने श्रीराममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल टूर्नामेंट जीता था.

बनाए 87 रन

विद्या भवन के कप्तान अनंतवीर और मिशन अकादमी के कप्तान मो. आरिश के बीच टॉस हुआ. विद्या भवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया. बल्लेबाजी करने उतरी मिशन अकादमी की टीम 20 ओवर में 87 रन पर आल आउट हो गई. विद्या भवन के सौरभ कुमार ने तीन और दक्ष चंदेल ने दो विकेट चटकाए. बल्लेबाजी को उतरे विद्या भवन के सलामी बल्लेबाजों सिद्धार्थ गौतम ने 40 और सिद्धार्थ पाल ने 41 रनों की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई.

यह है मौजूद

पुरस्कार वितरण समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन और चीफ गेस्ट देवमूर्ति ने विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपी. कार्यक्रम में ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, दैनिक जागरण के जीएम डॉ. मुदित चतुर्वेदी, बरेली क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष सरफराज वली खां, बीसीए सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना, डीन प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एसबी गुप्ता, टूर्नामेंट सेक्रेटरी इंजीनियर सोवन मोहंती, कोच शंकर पाल सिंह, मनीष और कालेज का स्टाफ मौजूद रहा. टूर्नामेंट में मो. फैजान, राजीव सैनी, यूसुफ अंसारी और अजय गुप्ता ने अम्पायरिंग की.